


# वित्तीय मामले

इस तथ्य पत्र में, हम देखभालकर्ताओं के लिए (जो जीवन के अंत में किसी की देखभाल कर रहे हैं) उपलब्ध भुगतान और वित्तीय सहायता के प्रकारों को शामिल करते हैं। हम आपके पैसों को अच्छी तरह से प्रबंधित करने के लिए भी कुछ सुझाव दे रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिस व्यक्ति की आप देखभाल कर रहे/रही हैं, उसकी मृत्यु हो जाने के बाद आपके पास पैसों की पहुंच संभव हो सके।

कुछ देखभालकर्ताओं को लगता है कि जीवन के अंत में किसी की देखभाल करने से आर्थिक प्रभाव होता है। यह इस वजह से हो सकता है:

- व्यक्ति की देखभाल करने के लिए अपने काम के घंटों को कम करना या काम करना बंद करना
- दवाइयों, सेवाओं और किराए पर लिए जाने वाले उपकरणों की लागत
- जिस व्यक्ति की आप देखभाल कर रहे/रही हैं, उसकी आय का नुकसान
- यदि व्यक्ति की देखभाल घर से बाहर की जा रही है, तो नियमित रूप से उनसे मिलने जाने के लिए यात्रा का शुल्क
- अंतिम संस्कार की लागत
- व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद पैसों तक पहुंच में कठिनाई।

इस दौरान वित्तीय समर्थन प्राप्त करने से सहायता मिल सकती है। यहाँ 'आपको वित्तीय सहायता के बारे में क्या पता होना चाहिए' उसके बारे में कुछ जानकारी और कुछ अन्य लिंक दिए गए हैं, जहाँ से आप और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं। आपका अस्पताल या आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता इस जानकारी के बारे में आपसे बात करने और फॉर्म भरने में आपकी सहायता कर सकता है।

## देखभालकर्ता भुगतान - Centrelink के माध्यम से

आप देखभाल प्रदान करते समय कुछ वित्तीय सहायता के लिए पात्र हो सकते/सकती हैं, खासकर यदि आपने देखभाल करने के लिए काम करना बंद कर दिया है या अपने काम के घंटों को कम

ST VINCENT'S HOSPITAL MELBOURNE · Flinders University · Carers Australia
CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care

कर दिया है। यहाँ बहुत सारी अच्छी जानकारी उपलब्ध है: https://www.humanservices.gov.au/individuals/carers।

वैकल्पिक रूप से आप सीधे Centrelink को कॉल कर सकते/सकती हैं (13 27 17)।

## आयु पेंशन या देखभालकर्ता भुगतान?

कुछ मामलों में, आपको देखभालकर्ता भुगतान (Carer Payment) और आयु पेंशन (Age Pension) के बीच चयन करने की आवश्यकता हो सकती है। आपकी व्यक्तिगत स्थिति के आधार पर प्रत्येक प्रकार के भुगतान के लिए कुछ लाभ और हानियाँ हैं। यह देखने के लिए कि ये तुलनात्मक रूप से कैसे हैं, मानव सेवाएँ विभाग (Department of Human Services) की वेबसाइट पर जाएँ: https://www.humanservices.gov.au/individuals/subjects/choosing-between-carer-payment-and-age-pension

## NDIS – National Disability Insurance Scheme

राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (NDIS) 65 वर्ष से कम आयु के विकलांगता-ग्रस्त लोगों को सहायता देने का एक नया तरीका है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकलांगता-ग्रस्त लोगों को आत्मनिर्भर जीवन जीने में सहायता देना है। और अधिक जानकारी के लिए देखें:

https://www.ndis.gov.au/

http://www.carersaustralia.com.au/ndis-and-carers/support-for-families-and-carers/

## My Aged Care

आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, यदि वह 65+ (अथवा आदिवासी या टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए 50+) वर्ष की आयु का है, तो आप ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त-पोषित वृद्ध देखभाल सेवाओं से सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते/सकती हैं। वे अतिरिक्त सेवाओं के लिए भुगतान करेंगे, ताकि आपको इन सेवाओं के लिए निजी तौर पर भुगतान करने की आवश्यकता न हो। वे जो सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं, उनमें घर में व्यक्तिगत देखभाल या नर्सिंग देखभाल सेवाएँ, फिजियो और अन्य देखभाल, घर में संशोधन, भोजन, साफ-सफाई और उपकरण शामिल हैं। यदि आपको स्वयं अवकाश लेने की आवश्यकता है, तो वे **राहत सेवा सहित अल्पकालिक सहायता** प्रदान कर सकते हैं अथवा वे **वृद्ध देखभाल गृह में देखभाल** करने में सहायता भी दे सकते हैं।

आप 1800 200 422 पर (सोम-शुक्र सुबह 8 बजे – रात 8 बजे तक और शनिवार को सुबह 10 बजे – दोपहर 2 बजे तक) My Aged Care को कॉल भी कर सकते/सकती हैं। आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, उसका मेडिकेयर नंबर भी अपने पास रखें। एक बार पंजीकृत हो जाने के बाद उन्हें एक My Aged Care नंबर प्राप्त होगा, जिसका उपयोग आप भविष्य में किसी भी संपर्क के लिए कर सकते/सकती हैं।

https://www.myagedcare.gov.au/home-start-here

## भविष्य के लिए अपने पैसों की तैयारी करना

आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, जब उनकी मृत्यु हो जाती है तो अपने आप को आर्थिक रूप से तैयार करना भी वास्तव में महत्वपूर्ण है। कानूनी दस्तावेजों को अपडेट करके, खातों में नाम बदलकर और अपने लिए आय की सुलभता सुनिश्चित करके तैयारी करने से आपके लिए बाद के मार्ग में आने वाली परिस्थितियाँ बहुत आसान बन जाएंगी। यदि आपके पास एकाउंटेंट है, तो अपने जीवनसाथी, रिश्तेदार या दोस्त की मृत्यु हो जाने के बाद स्वयं को आर्थिक रूप से तैयार करने के तरीकों के बारे में आपसे बात करने के लिए उनसे निवेदन करना सहायक हो सकता है। यदि आपके पास एक पारिवारिक वकील है, तो उनके

साथ इस बारे में चर्चा करना एक अच्छा विचार है कि आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, उनके पास नवीनतम अंतिम इच्छापत्र और वसीयतनामा है।

बैंक खाते (जिनमें ऋण और गृह ऋण खाते भी शामिल हैं) व्यक्ति की मृत्यु के बाद सुलभ नहीं होंगे, जब तक कि आप वह खाते के/की संयुक्त धारक न हों। कभी-कभी संपत्ति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में महीनों लग सकते हैं और उस समय के दौरान आपके पास स्वर्गवासी व्यक्ति के खातों में रखे गए किसी भी पैसे तक पहुंच नहीं होगी। इसलिए, ऐसे किसी भी खाते में अपना नाम सुनिश्चित करना भी एक अच्छा विचार है, जिसके लिए आपको उस व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद सुलभता की आवश्यकता है। किंतु यदि आपको किसी संयुक्त खाते में नामित किया जाता है, तो उस व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद उस खाते से जुड़े किसी भी बकाया पैसे या ऋण का भुगतान करने के लिए भी आप ही जिम्मेदार होंगे/होंगी। कृपया ऋण खातों, निवेश खातों या अन्य खातों में अपना नाम जोड़ने से होने वाले किसी भी कर-संबंधी प्रभाव के बारे में अपने एकाउंटेंट के साथ बात करें।

यह जानना भी अच्छा है कि यदि स्वर्गवासी व्यक्ति किसी भी क्रेडिट कार्ड के प्राथमिक कार्ड धारक थे, तो बैंक उस कार्ड को रद्द कर देगी। इसका मतलब यह है कि यदि आप एक द्वितीयक कार्ड धारक के रूप में क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर रहे/रही हैं, तो उसे रद्द किया जा सकता है। यदि आपके मामले में यह लागू होता है, तो अपने स्वयं के क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करना और अपने बैंक खाते के साथ जोड़ना अच्छा हो सकता है।

मृत्यु हो जाने की स्थिति में सभी सेवानिवृत्ति खातों, जीवन बीमा, या इन्हीं के समान अन्य उत्पादों में किसी व्यक्ति को लाभार्थी के रूप में नामित सुनिश्चित करना सहायक होता है। ऐसा करने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद उनकी सुलभता आसान होगी।

अधिकांश बैंकों और सेवानिवृत्ति निधियों की वेबसाइटों पर इस बारे में जानकारी उपलब्ध होती है कि व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर क्या किया जाना चाहिए। कुछ मामलों में वे अंतिम संस्कारों का भुगतान करने या बकाया चालान या ऋण का भुगतान करने के



लिए खातों से पैसे जारी करते हैं।

व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए पूर्व-भुगतान करने पर विचार करना सहायक हो सकता है। अंतिम संस्कार की लागतों में बहुत अधिक अंतर हो सकता है कभी-कभी अंतिम संस्कार के खर्चे के भुगतान के लिए व्यक्ति की सेवानिवृत्ति जल्दी सुलभ हो सकती है (कृपया इस बारे में सोचें कि इससे Centrelink के भुगतान प्रभावित हो सकते हैं या कर-संबंधी प्रभाव पड़ सकते हैं)। आपकी राज्य सरकार के माध्यम से ज़रूरतमंद परिवारों के लिए अंतिम संस्कार की लागत हेतु कुछ वित्तीय सहायता भी उपलब्ध है।

Centerlink के माध्यम से शोक भुगतान भी उपलब्ध हैं।

## और अधिक जानकारी के लिए:

Money Smart की वेबसाइट वित्तीय मामलों के लिए एक बहुत

ही उपयोगी वेबसाइट है और इसमें मृत्यु से पहले लोगों को अपने पैसों की व्यवस्था करने में सहायता देने के लिए एक अच्छा अनुभाग मौजूद है। इसके माध्यम से आप उस व्यक्ति के साथ काम करने के/की इच्छुक हो सकते/सकती हैं, जिसकी आप देखभाल कर रहे/रही हैं क्योंकि यह आपके लिए भी बहुत उपयोगी होगा: https://www.moneysmart.gov.au/life-events-and-you/life-events/money-musts-before-you-die (केवल अंग्रेज़ी में)।



परिसंपत्ति के विभाजन के तरीके के बारे में जानना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई कराधान विभाग (Australian Taxation department) ने एक जाँचसूची बनाई है, जो सहायता कर सकती है: https://www.ato.gov.au/Individuals/Deceased-estates/Deceased-estate-checklist/ (इस वेबसाइट पर अन्य भाषाओं में कुछ जानकारी और कॉल करने के लिए एक फोन नंबर उपलब्ध है)।

आपके बैंक में एक सहायता टीम होगी जो आपको मृत परिसंपत्ति को पूरा करने की आवश्यकताओं में सहायता देने में सक्षम होगी, जिसमें तत्काल खर्चों के लिए दावा करना भी शामिल है।


CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care